आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :429 पृष्ठ -4 दिनांक 20 मार्च 2025 दिन गुरूवार

## उत्तर प्रदेश के 56000000000 रूपये हो जाएंगे स्वाहा सरकार के आदेश के बाद 56 अरब से ज्यादा स्टांप पेपर हो जाएंगे रद्दी

## उत्तर प्रदेश में 10 हजार रूपये से 25 हजार रूपये तक के स्टांप पेपर 31 मार्च के बाद से विधिमान्य नहीं माने जाएंगे

लखनऊरू उत्तर प्रदेश में 10 हजार रुपये से 25 हजार रुपये तक के स्टांप पेपर 31 मार्च के बाद से विधिमान्य नहीं माने जाएंगे। 11 मार्च 2025 से पहले खरीदे गए इस मूल्य वर्ग के स्टांप पेपर मात्र 31 मार्च, 2025 तक उपयोग किये जा सकेंगे अथवा वापस किए जा सकते हैं। योगी सरकार के इस फैसले से यूपी के सभी 75 जिलों की ट्रेजरी में रखे गए 56.29 अरब के स्टांप पेपर रद्दी हो जाएंगे। अकेले लखनऊ की ट्रेजरी में रखे एक अरब 32 करोड़ के स्टांप पेपर रद्दी हो जाएंगे इस संबंध में शासन की तरफ से अधिसूचना जारी कर दी गइ है। समस्त आयुक्त स्टांप, महानिरीक्षक निबंधन, समस्त मंडल आयुक्त तथा समस्त जिलाधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है। योगी सरकार ने 11 मार्च को इन स्टांप पेपरों को शून्य करने का आदेश दिया था। इसके बाद प्रदेश भर की ट्रेजरी से स्टांप पेपरों की संख्या की जानकारी जुटाई गई। सभी



जिलों से 56 अरब 29 करोड़ के स्टांप पेपर पाए गए हैं।स्टांप पेपर वापसी के लिए शुरू हुई भाग–दौड़योगी सरकार का आदेश आने के बाद पूरे यूपी में स्टांप पेपर की वापसी के लिए भाग–दौड़ शुरू हो गई है। वकीलों से लेकर स्टांप वेंडर तक आम आदमी से लेकर रजिस्ट्री कराने वालों ने वापस लौटाना शुरू कर दिया है। यह आदेश प्रदेश में स्टांप प्रणाली में पारदर्शिता लाने और वित्तीय गड़बड़ियों को रोकने के लिए उठाया गया है। स्टांप पेपर्स के साथ अक्सर धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज और कर चोरी के मामले सामने आते रहते हैं जिन्हें ई स्टांप प्रणाली से रोका जा सकेगा। ई स्टांप पेपर के जरिये सरकारी खजाने को भी लाभ होगा क्योंकि स्टांप पेपर की खरीद फरोख्त पूरी तरह से डिजिटल होगी।

## यूपी के सभी जिलों में ज्यादा टैक्स देने वालों के लिए सीएम योगी का बड़ा फैसला

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार, 18 मार्च को, लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर क उच्चस्तरीय बैठक में राज्य कर विभाग की समीक्षा की. इस दौरान सीएम ने यूपी के सभी जिलों में सर्वाधिक टैक्स देने वालों के लिए अहम फैसला किया.सीएम ने कहा कि सर्वाधिक टैक्स देने वाले लोगों को विभाग द्वारा सम्मानित किया जाए. ये कार्यक्रम प्रदेश, जोन, मंडल व जनपद स्तर पर आयोजित किए जाएं. राज्य कर विभाग के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाए तथा पर्याप्त मैनपावर भी सुनिश्चित किया जाए.मुख्यमंत्री ने कहा कि ळैज की कर प्रणाली में समस्त कार्य ऑनलाइन किए जाने से अनेक प्रकार के डेटा उपलब्ध हैं. प्ज टूल्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग से डेटा विश्लेषण करते हुए राजस्व संग्रह के लिए प्रयास किया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि वाणिज्य कर अधिकारी से लेकर ज्वाइंट कमिश्नर स्तर तक के अधिकारियों के कार्यों एवं संग्रह की समीक्षा की जाए. राजस्व संग्रह में खंडवार आ रही अनियमितता की समीक्षा कर इसे दूर किया जाए. अधिकारियों के प्रदर्शन के आधार पर उनकी ग्रेडिंग करें और उसी के अनुरूप उनकी पदोन्नति व पोस्टिंग की जाए. ळैज पंजीकृत व्यापारियों के कल्याण के लिए यूपी सरकार संकल्पित है. सीएम ने कहा कि दुर्घटना में व्यापारी की मृत्यु, आंशिक व पूर्ण विकलांगता की स्थिति में नॉमिनीध्उत्तराधिकारी व व्यापारी को प्रदेश सरकार द्वारा 10 लाख तक की आर्थिक सहायता दी जा रही है. पात्र व्यापारियोंध्परिजनों को संवेदनशीलता के साथ योजना का लाभ दिलाया जाए.

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में ळैज में पंजीकृत व्यापारियों की संख्या देश में सर्वाधिक है. 2023–24 में क्रियाशील कुल पंजीकृत व्यापारियों की संख्या 17.2 लाख थी, जो वर्ष 2024–25 में बढ़कर 19.9 लाख हो चुकी है. पंजीयन आधार को अधिकाधिक बढ़ाने का प्रयास निरंतर जारी रखा जाए. सीएमन ने कहा कि GST रिटर्न दाखिल करना हर व्यापारी का कर्तव्य है. यह सुखद है कि उत्तर प्रदेश रिटर्न दाखिल करने में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है. व्यापारियों को रिटर्न दाखिल करने के बारे में प्रोत्साहित किया जाना चाहिए.मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सभी के प्रयासों से प्रदेश में GST/VAT संग्रह में सतत बढ़ोतरी हो रही है. वर्ष 2025–26 के लिए 1.75 लाख करोड़ राजस्व संग्रह के लक्ष्य के साथ मिशन मोड में नियोजित प्रयास किए जाएं. उन्होंने अधिकारियों को राजस्व संग्रह अभिवृद्धि के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए.

## नागपुर हिंसा का जिम्मेदार कौन? स्वामी प्रसाद मौर्य ने दिया बड़ा विवादित बयान

यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री और अपनी जनता पार्टी के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने महाराष्ट्र स्थित नागपुर में हुई हिंसा को लेकर विवादित बयान दिया है. स्वामी ने नागपुर हिंसा के लिए हिंदू संगठनों को जिम्मेदार ठहराया है.उन्होंने कहा कि बीजेपी की साजिश से नागपुर में दंगा हुआ. जरूरी मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए बीजेपी ने साजिश रची थी. स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा – देश में औरंगजेब से पहले नाथूराम गोडसे पर चर्चा होनी चाहिए. इस बात पर चर्चा होनी चाहिए कि अगर औ. रंगजेब की कब्र खुदे तो क्या नाथूराम गोडसे का समाधि स्थल होना चाहिए.

औरंगजेब ने अगर अपने पिता को जेल में कैद किया था तो नाथूराम गोडसे ने राष्ट्रपिता की हत्या की थी. नाथूराम गोडसे ज्यादा बड़ा अपराधी है.उन्होंने कहा कि – औरंगजेब की कब्र के बहाने परंपराओं को भी खत्म करने की कोशिश की जा रही है. भारतीय परंपरा में लोग अपने दुश्मनों के भी अंतिम संस्कार में शामिल होते हैं. ऐसे में 350 साल पहले मौत की नींद सो चुके व्यक्ति की कब्र खोदकर आखिरकार क्या संदेश दिया जा रहा है. नागपुर में बीजेपी के इशारे पर हिंदू संगठनों ने जमकर हिंसा की है. ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए.स्वामी प्रसाद मौर्य ने संभल में सालार मसूद गाजी के नाम पर लगने वाले मेले की इजाजत नहीं दिए जाने पर भी नाराजगी जताई है.उन्होंने कहा है कि जो भी मेले और आयोजन परंपरागत तौर पर होते रहे हैं, उन पर रोक नहीं लगनी चाहिए. ऐसे आयोजनों को सियासी चश्मे से नहीं देखना चाहिए. स्वामी ने यूपी सरकार को भी घेरास्वामी प्रसाद मौर्य के मुताबिक देश में 1100 साल तक मुसलमानो का शासन रहा, लेकिन हिंदू कभी असुरक्षित नहीं रहे. आज हिंदुत्व का दंभ भरने वाले मोदी और योगी के राज में अगर हिंदू खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं तो उस पर विचार होना चाहिए. .स्वामी प्रसाद मौर्य संविधान सम्मान और जनहित हुंकार यात्रा के लिए प्रयागराज आए हुए थे बसपा संस्थापक काशीराम के परिनिर्वाण दिवस के मौके पर 15 मार्च से स्वामी प्रसाद मौर्य ने यात्रा शुरू की है. स्वामी प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र और यूपी की सरकारों पर जमकर निशाना भी साधा. उन्होंने महंगाई – बेरोजगारी और रोजगार के मुद्दे पर सरकार को घेरा. पूर्व काबीना मंत्री ने कहा कि ऐसे मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए ही बीजेपी लोगों की धार्मिक भावनाओं को भड़काने का काम करती है.

## अखिलेश यादव को सपा सरकार की सुरक्षा हेल्पलाइन से राजस्थान की महिलाओं को मदद मिलने की उम्मीद

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में सपा सरकार के कार्यकाल में शुरू किए गए '1090' महिला सुरक्षा मॉडल को अब राजस्थान सरकार भी अपना रही है। सपा प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में उम्मीद जताई कि यह पहल राजस्थान में महिलाओं के लिए एक प्रभावी और सार्थक सुरक्षा व्यवस्था स्थापित करेगी।अखिलेश यादव ने लिखा, ''सपा के शासनकाल में 'महिला सुरक्षा' के लिए समर्पित '1090' मॉडल को अब राजस्थान सरकार अपना रही है। आशा है इससे राजस्थान में नारी की सुरक्षा की दिशा में एक प्रभावकारी और सार्थक व्यवस्था तैयार होगी।'' उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सपा सरकार के दौरान उत्पीड़न या संकट का सामना करने वाली महिलाओं को तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए श1090श महिला सुरक्षा हेल्पलाइन शुरू की गई थी। उन्होंने कहा, ''पीडीए के आंदोलन में आधी आबादी के रूप में स्त्री हमेशा महत्वपूर्ण रही है, इसीलिए समाजवादी सरकार में हर बालिका, युवती और नारी में सुरक्षा के भाव और उनमें आत्मविश्वास का संचार



करने के लिए ऐसे सुरक्षात्मक कदम उठाए गये थे। सकारात्मक काम, सकारात्मक रा. जनीति के लिए प्रेरणा बनते हैं, समाज को समर्पित सपा के कामों की सबसे बड़ी उपलब्धि यही है।'' पीडीए शब्द यादव ने राज्य में 2022 के विधानसभा चुनावों के दौरान गढ़ा था जिसमें शपिछड़ेश (पिछड़े), दलित और अल्पसंख्यक शामिल हैं।

## यूपी में शिक्षामित्रों के आने वाले हैं अच्छे दिन! मानदेय बढ़ाने पर हाईकोर्ट ने अहम निर्देश

उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षामित्रों को लेकर बड़ी खबर हैं. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार को शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाने को लेकर अहम फैसला दिया है. कोर्ट ने सरकार को मानदेय बढ़ाने फैसला लेने के निर्देश दिए हैं. इसके सरकार को एक महीने का समय दिया गया है. इसके साथ ही प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव को एक मई तक आदेश के अनुपालन का हलफनामा दाखिल करने के निर्देश दिए गए हैं.सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में जस्टिस सलिल कुमार राय की कोर्ट में इस मामले पर सुनवाई हुई. कोर्ट ने रजिस्ट्रार अनुपालन के आदेश को 24 घंटे के भीतर प्रमुख शिक्षा सचिव को भेजने का निर्देश दिया है. ये याचिका साल 2023 में वाराणसी के विवेकानंद व अन्य की ओर से दायर की गई थी. इस याचिका में शिक्षामित्रों ने समान कार्य के लिए समान मानदेय दिए जाने की अपील की थी. कोर्ट ने शिक्षामित्रों को दिए जाने वाले मानदेय को न्यूनतम मानते हुए राज्य को समिति का गठन कर एक सम्मानजनक वेतन निर्धारित करे का निर्देश दिए थे लेकिन, सरकार की ओर से कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया गया. सरकार द्वारा कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं किए जाने पर ये अवमानना याचिका दाखिल की गई है. जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने ये आदेश दिए हैं. अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के वकील ने कोर्ट को बताया कि मानदेय में बढ़ोतरी को लेकर अभी संबंधित विभाग में परामर्श किया जा रहा है. कोर्ट ने सरकार से एक महीने के अंदर शिक्षामित्रों के वेतन को लेकर फैसला लेने के निर्देश दिए हैं. इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग यूपी के प्रमुख सचिव को अगली तिथि एक मई को आदेश का अनुपालन करने का हलफनामा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है. इस मामले पर अगली सुनवाई एक मई को होगी.

## लंदन से लौटे पति के सीने को चाकू से किया छलनी, फिर कटर से किए टुकड़े टुकड़े

उत्तर प्रदेश स्थित मेरठ में बुधवार को एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है. यहां घर में एक जमा हुआ सीमेंट से भरा प्ला. स्टिक का ड्रम रखा था. इस ड्रम में लाश के टुकड़े मिले हैं, इस घटना का खुलासा होने के बाद हड़कंप मच गया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बरामद किए गए लाश के टुकड़े मर्चेंट नेवी में नौकरी करने वाले शख्स सौरभ राजपूत के हैं. इस मामले में उसकी पत्नी और उसके बॉयफ्रेंड को गिरफ्तार किया गया है.मेरठ के इंदि. रानगर में हुई इस घटना के बाद में पुलिस अधिक्षक आयुष विक्रम सिंह ने जानकारी दी है."च आयुष विक्रम सिंह ने कहा, ष्मर्चेंट नेवी में काम करने वाला सौरभ राजपूत नाम का शख्स 4 मार्च को घर आया था और तब से लापता था. शक के आधार पर उसकी पत्नी मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल को पूछताछ के लिए बुलाया गया. पूछताछ के दौरान साहिल ने कबूल किया कि 4 मार्च को उसने और मुस्कान ने सौरभ की चाकू घोंपकर हत्या कर दी. एसपी ने बताया, श्उन्होंने शव के टुकड़े कर उसे ड्रम में डाल दिया और सीमेंट से सील कर दिया. पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. साहिल और मुस्कान को गिरफ्तार कर लिया गया है और FIR दर्ज कर ली गई



है. आगे की कानूनी कार्रवाई चल रही है. श दरअसल, अगल–बगल के लोगों को पहले से ही मृतक की पत्नी और उसके बॉयफ्रेंड पर शक था. बताया जाता है कि दोनों ने मिलकर पहले सौरभ राजपूत की हत्या की. इसके बाद उसके शव के टुकड़े किए और टुकड़ों को प्लास्टिक के ड्रम में रखा. इसके बाद उसमें सीमेंट घोल दिया. हालांकि पुलिस ने इस घटना का खुलासा होने के बाद ड्रम को खोलने की काफी कोशिश की. लेकिन करीब 2 घंटे के प्रयास के बाद भी जब ड्रम नहीं खुला तो पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया है. पोस्टमार्टम हाउस में ड्रम को काटकर शव को बाहर निकाला गया. ड्रम में सीमेंट ठोस हो जाने की वजह से लाश भी जम गई थी. मृतक की पोस्टिंग इस वक्त लंदन में थी. उस घर में वह पत्नी और पांच साल की बेटी के साथ रहता था. कुछ दिन पहले ही वह लंदन से मेरठ वापस लौटकर आया था. उसने 2016 में लव मैरिज की थी और उसके बाद उसका अपने परिजनों से विवाद चल रहा था

## यूपी में गरज चमक के साथ बूंदाबांदी के आसार

भदोही। भदोही समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों में अगले कुछ दिनों में गरज चमक के साथ बूंदाबांदी व हल्की बारिश के आसार बन रहे हैं। ऐसे में विशेषज्ञों ने किसानों को बेहद सावधान व एहतियात बरतने की सलाह दी है। कृषि विज्ञान केन्द्र बेजवां के मौसम विभाग द्वारा जारी बुलेटिन में बताया गया कि आगामी दिनों में मौसम में बदलाव देखे जाने के आसार हैं।बुधवार को पश्चिम क्षेत्र में विकसित होने वाले पश्चिमी विक्षोंभ तथा उड़ीसा, झारखंड छत्तीसगढ़ राज्यों में बंगाल की खाड़ी से नमीं युक्त हवाओं के प्रवेश होने के संयुक्त प्रभाव के कारण पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार में गरज चमक के साथ बा. रिश के आसार है।भदोही जिले में भी गरज चमक के साथ हल्की बारिश का प्रभाव कुछ स्थानों पर तथा कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी का असर दर्ज किया जा सकता है। अनुकूल मौसम परिस्थिति अपने क्षेत्र में मिलने पर अच्छी बारिश भी दर्ज की जा सकती है। आने वाले दिनों में हवा पछुआ से पूर्व होने की संभावना है तथा कभी–कभी तेज गति में हवा दर्ज की जा सकती है।इन सभी गतिविधियों से तापमान नियंत्रित अवस्था में दर्ज होगा। जिससे दिन में तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तथा रात में 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज हो सकता है। रात के तापमान में बादलयुक्त मौसम होने से थोड़ी अधिक वृद्धि दर्ज की जा सकती है।बदलते मौसम को ध्यान में रखते हुए किसानो को 21 से 23 मार्च के बीच विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। कटी हुई फसलों को यथास्थान ढकने अथवा छायेदार स्थान पर स्थानांतरित करने का प्रयास करें। किसान इस दौरान खड़ी फसलों पर रासायनिक दवा का छिड़काव, उड़द, मूंग की बुवाई या अन्य जायद फसलों की बुवाई, सब्जियों की रोपाई तथा फसलों में सिंचाई का कार्य स्थगित रखें। सब्जियों की तुड़ाई भी परिपक्व अवस्था होने में सुनिश्चित करें तथा इन्हें बाजार भेजें।

## उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में एक गौशाला के अंदर मांस रखकर सांप्रदायिक तनाव भड़काने की कोशिश

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में एक गौशाला के अंदर मांस रखकर सांप्रदायिक तनाव भड़काने की कोशिश करने के आरोप में मंगलवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया गया. पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी.पुलिस ने बताया कि सिहानी गेट इलाके में हुई इस घटना के लिए गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान योगेश चौधरी और शिवम के रूप में हुई है.पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपियों ने अपने साथी ऋषभ के साथ मिलकर गौशाला संचालक राम कुमार की बेटी छाया शर्मा के कहने पर हिंडन विहार की एक दुकान से आठ किलोग्राम मांस खरीदा था.पुलिस उपायुक्त (सिटी जोन) राजेश कुमार ने बताया कि छाया ने पकड़े गए आरोपियों को 12 मार्च की रात शिव चंदी गौशाला के अंदर कथित तौर पर मांस रखने का निर्देश दिया था. उन्होंने बताया कि इसके बाद उन्होंने स्थानीय 'गौ सेवक' पवन तोमर को गौशाला परिसर के अंदर बड़ी मात्रा में गोमांस होने की सूचना दी. अधिकारी ने बताया कि इस हरकत का मकसद सांप्रदायिक अशांति फैलाना था.उन्होंने बताया कि इसके बाद 13 मार्च को सिहानी गेट थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मांस बरामद किया और उसे जांच के लिए सरकारी पशु चिकित्सालय भेजा, जहां से इसके भैंस का मांस होने की पुष्टि हुई. उन्होंने बताया कि छाया शर्मा, योगेश चौधरी, ऋषभ, शिवम और नंद किशोर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 248(ए) (किसी व्यक्ति को चोट पहुंचाने का इरादा या उस व्यक्ति के खिलाफ कोई आ. पराधिक कार्यवाही शुरू करने का कारण बनना) और 353(2) (सार्वजनिक उत्पात) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है.अधिकारी ने बताया कि योगेश और शिवम को गिरफ्तार कर लिया गया और बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है.

# कासगंजः नीरज शर्मा ने संभाली जिलाध्यक्ष की कमान,बीजेपी कार्यालय में कराया हवन यज्ञ

कासगंजरू नवागत भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने कार्यालय पर हवन–पूजन कराया। हवन–पूजन के बाद जिलाध्यक्ष ने कार्यालय में कुर्सी संभाली। पंडित दिवाकर पाराशर ने हवन यज्ञ में मंत्रोच्चारण के साथ आहुति की रस्म अदा की।बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर हवन–पूजन हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश शाक्य के पति बॉबी कश्यप, पूर्व जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, सदर विधायक देवेंद्र राजपूत, अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा, जिला महामंत्री केपी सिंह, पूर्व विधायक ममतेश शाक्य, भाजपा के वरिष्ठ नेता शिव प्रताप सोलंकी, योगेंद्र चौहान, राजवीर सिंह भल्ला, कृष्णा राजपूत (ब्लॉक प्रमुख सहावर), यशवीर सिंह राजपूत (ब्लॉक प्रमुख कासगंज),रानू वर्मा,



पवन गोला, पूर्व नगर पालिका चेयरमैन रा. जेंद्र बोहरे, शरद गुप्ता, राज माहेश्वरी, सुरेश माहेश्वरी, भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष कुलदीप प्रतिहार, गौरीशंकर शर्मा, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, ज्ञान तिवारी, रमेश साहू, केत सिंह वर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. बीडी राणा, महेंद्र सिंह बघेल, शिवकुमार भारद्वाज, खूब सिंह लोधी, मि. थलेश राणा, नवल कुलश्रेष्ठ, अशोक सिसोदिया आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भगवान वराह की नगरी तीर्थ नगरी में रंग पंचमी महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया

सोरोंजी रू भगवान वराह की नगरी तीर्थ नगरी में रंग पंचमी महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। गंगा भक्त समिति के तत्वावधान में भगवान वराह की शोभायात्रा निकाली गई। गंगा, वराह संग खेले होली कार्यक्रम में भक्तों ने भगवान के साथ होली खेली। तीर्थ नगरी रंग–गुलाल की वर्षा से सतरंगी हो गई। साथ ही वातावरण भग. वान वराह और गंगा की जय–जयकार से गूंज उठा।रंग पंचमी के दिन बुधवार को सुबह से ही हरिपदी गंगा के घाट स्थित वराह मंदिर पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। श्रद्धालु गंगा मैया और भगवान वराह की जय–जयकार कर रहे थे। लाउडस्पीकर पर भजनों का प्रसारण हो रहा था, जिस पर श्रद्धालु झूम रहे थे। मौका था रंग पंचमी के अवसर पर गंगा वराह संग होली खेले कार्यक्रम और भगवान वराह की शोभायात्रा का। शोभायात्रा का शुभारंभ अलीगढ़ परिक्षेत्र की कमिश्नर संगीता सिंह, एएसपी राजेश भारती, भगवान वराह समिति के अध्यक्ष सुनील तिवारी ने गंगा मैया एवं भगवान वराह की आरती उतारकर किया। यात्रा का शुभारंभ होते ही सतरंगी गुलाल की वर्षा होने लगी। शोभायात्रा मुहल्ला चौसठ, रामलाल चौराहा, रमसिंहपुरा, कटरा बाजार, कछला गेट, सहावर गेट, स्टेशन रोड, थाना चौराहा, अनाज मंडी, चंदन चौक, रोडवेज बस स्टैंड होते हुए तुलसीनगर बदरिया पर संपन्न हुई।यह रहा शोभायात्रा का आकर्षणशोभायात्रा में दर्जनभर झांकियां थीं। रथ पर विराजमान भगवान वराह की प्रतिमा तथा कलाकारों द्वारा लठामार होली



का प्रदर्शन, बैंड–बाजों की धुन पर थिरकते राधा–कृष्ण के स्वरूप शोभायात्रा का आकर्षण का केंद्र रहे। जगह–जगह श्रद्धालुओं ने भगवान वराह की आरती उतारी।समाजसेवियों ने बांटी मिठाई और ठंडाईशोभायात्रा नगर भ्रमण के दौरान जगह–जगह श्रद्धालुओं और समाजसेवियों द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया। कस्बे में कई स्थानों पर सादा और भांग की ठंडाई के स्टॉल लगाए गए। होली की विशेष मिठाई गुझिया व अन्य मिष्ठान्न का वितरण भी प्रसाद के रूप में किया गया। युवाओं ने भांग की ठंडाई का स्वाद चखा और मस्ती में झूमे।यह रहे मौजूद डॉ. राधाकृष्ण दीक्षित, सतीश चंद्र भारद्वाज, आकाश उपाध्याय, संजय उपाध्याय, इंद्र कुमार तिवारी, भोले शंकर चौधरी, अजय महाकाल, अमित त्रिवेदी, राधाकृष्ण चौधरी, अमित अग्रवाल, शनि अग्रवाल, कमल गुप्ता, सिद्धार्थ शर्मा, रिंकू पचौरी, नितेश मेधावी, अतुल तिवारी, अतुल महेरे, रामगो. विंद महेरे, आकाश महेरे, आकाश तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।भारद्वाज, अमित तिवारी, पप्पू, विजय भारद्वाज, संजय उपाध्याय, अमित महेरे, गिरधर गोपाल, सुनील गुप्ता, धीरज पांडेय, अनुराग, अमरीश तिवारी, अवनीश उपाध्याय, राजू यादव, राजकुमार, संजय अग्रवाल आदि मौजूद रहे।बुलडोजर बाबा गाने का रहा क्रेजरंग पंचमी पर तीर्थ नगरी में निकाली गई वराह शोभायात्रा में श्जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगेश एवं श्बुलडोजर बाबाश गाने पर थिरकते युवा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जय–जयकार कर रहे थे। श्जीत गया बाबा, बुलडोजर बाबाश, श्हो गया दुश्मन का मुंह कालाश, श्आज बृज में होली रे रसियाश, श्रंग बरसे भीगे चुनर वालीश जैसे गानों ने युवाओं में जोश भर दिया।हेलीकॉप्टर से बरसे फूल और अबीर–गुलालसोरों में रंग पंचमी पर निक. ाली गई भगवान वराह की शोभायात्रा और श्वराह संग होली खेलोश कार्यक्रम में हेलीकॉप्टर से फूल और अबीर–गुलाल की वर्षा की गई। इस दौरान तीर्थ नगरी रंगों से सराबोर हो गई। हेलीकॉप्टर देखने के लिए आसपास के क्षेत्र के ग्रामीण भी सोरों पहुंचे।

## कासगंज जिले में पुलिस और एसओजी टीम ने 24 घंटे के भीतर दूसरी सफल मुठभेड़

कासगंज जिले में पुलिस और एसओजी टीम ने 24 घंटे के भीतर दूसरी सफल मुठभेड़ की कार्रवाई की। थाना सहावर क्षेत्र में हुई इस मुठभेड़ में दो हिस्ट्रीशीटर को पैर में गोली मारकर गिरफ्तार किया गया। एसपी कासगंज अंकिता शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों की पहचान इमरान उर्फ पलुआ और तौशीफ के रूप में हुई है। दोनों थाना सहावर क्षेत्र के रहने वाले हैं और इनके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।घटना मंगलवार की रात की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि फरी. दपुर गांव के जंगल में कुछ अपराधी गो. कशी की योजना बना रहे हैं। जब पुलिस ने घेराबंदी की तो अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो अपराधी घायल हुए, जबकि तीन मौके से फरार हो गए।पुलिस ने अपराधियों के पास



से दो जिंदा बैल, दो अवैध तमंचे, तीन जिंदा और चार खोखा कारतूस बरामद किए। इसके अलावा दो मोटरसाइकिल और गोकशी में इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरण भी जब्त किए गए। फरार हुए तीन अपराधियों की तलाश जारी है। इस सफल कार्रवाई के लिए पुलिस टीम को 25,000 रुपये का इनाम दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इससे एक दिन पहले भी पुलिस ने दो पशु चोरों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था।

## एटा जिले के राजा का रामपुर थाना क्षेत्र के पहरा गांव में दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प में दो भाई गंभीर रूप से घायल

एटा जिले के राजा का रामपुर थाना क्षेत्र के पहरा गांव में दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प में दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना बीते शनिवार की है, जिसका वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।घटना में उपेंद्र और दूरबीन पुत्र राधेश्याम को गंभीर चोटें आईं। दोनों का आगरा के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उपेंद्र का कल ऑपरेशन हुआ है और उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।पीड़ित पक्ष के भाई महेंद्र की शिकायत पर पुलिस ने राकेश पुत्र नंद कुमार, अमित और अक्षय पुत्र भ. ूमिराज , और तारा देवी पत्नी भूमिराज के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।जानकारी के अनुसार, 15 तारीख को आरोपी पीड़ित के घर के बाहर आए और पुरानी रंजिश को लेकर गाली–गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने लाठी–डंडों से हमला कर दिया और पथराव भी किया।पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवई की है। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। चिकित्सकों ने उपेंद्र और दूरबीन की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया।मामले पर थाना प्रभारी किशोरी लाल मीणा से जब बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि मामूली बात पर दोनों पक्षों के मध्य झगड़ा हुआ। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मारपीट की धाराओं में चार आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। दो घायलों को मेडिकल परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर किया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद धाराओं में बढ़ोत्तरी कर दी जाएगी।

## एटा में चिटफंड कंपनियों के पीड़ित जमाकर्ताओं ने धरना स्थल पर एकत्रित होकर प्रदर्शन

एटा में चिटफंड कंपनियों के पीड़ित जमा. कर्ताओं ने धरना स्थल पर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। जमाकर्ता संघटन के बैनर तले सैकड़ों लोगों ने जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह को ज्ञापन सौंपा।संगठन के जिला अध्यक्ष प्रेमपाल सिंह के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि करीब तीन लाख चिटफंड कंपनियों में हजारों–लाखों जमा. कर्ताओं की पूंजी फंसी है। पर्ल्स, सहारा और कल्पतरू जैसी कंपनियों में लोगों की जीवन भर की कमाई जमा थी। कई जमा. कर्ताओं ने इस वजह से आत्महत्या तक कर ली।अपर जिलामजिस्ट्रेट कार्यालय में लगभग 50 हजार जमाकर्ताओं ने धन वापसी के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरे थे। पिछले तीन वर्षों से जमाकर्ता लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। हर महीने धरना दिया जा रहा है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।जिलाधिकारी नेज्ञापन स्वीकार करते हुए आश्वासन दिया है, कि प्रत्येक तहसील स्तर पर सक्षम अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। उन्होंने जल्द ही इस समस्या का समाधान करने का वादा किया

## कासगंजः ट्रांसफॉर्मर से तेल और क्वाइल . चोरी, लगभग 6 लाख का नुकसान



अमांपुर रू कस्बा के पुराना सहावर रोड मार्ग स्थित विद्यासागर कॉलोनी के पास बिजली विभाग के 250 केवी के ट्रांसफार्मर में से मंगलवार की रात को चोरों ने तेल व तांबे की क्वाइल चोरी कर लिया। क्षेत्र के कई स्थानों पर रात भर बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण लोगों को परेशानी हुई। लगभग 6 लाख रुपये का नुकसान बताया जा रहा है।पुराना सहावर रोड पर विद्यासागर कॉलोनी के समीप निवास कर रहे लोगों ने बिजली विभाग के कार्यालय पर सूचना दी, कि उनकी विद्युत आपूर्ति बाधित है। जानकारी पर बुधवार की सुबह एसडीओ गौरव शर्मा व अन्य अधिकारियों व पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया।एसडीओ ने बताया कि ट्रांसफार्मर से तेल व क्वाइल चोरी होने के कारण कस्बा के इंद्रानगर, राजीव नगर सहित अन्य क्षेत्रों में आपूर्ति बाधित रही है। एक माह में यह तीसरी चोरी है। लगभग छह लाख रुपये का बिजली विभाग का नुकसान हुआ है। इससे पूर्व दो घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है।

## जिला कार्यालय पहुंचे नव निर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष, हुआ भव्य स्वागत

**कासगंज संवावदाता इंद्रपाल राजपूत**

कासगंज। भारतीय जनता पार्टी से नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने बुधवार को अपना पद संभालने से पूर्व जिला कार्यालय पर हवन यज्ञ कराया। हवन यज्ञ में आहुति देने के बाद वरिष्ठ भाजपाइयों ने उन्हें मंच पर उनकी कुर्सी पर बैठाया, उन्हें मिष्ठान खिलाया और अभिनंदन भी किया। सभी ने रंग पंचमी मनाते हुए फूलों की होली भी खेली। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने गत दिवस जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी नीरज शर्मा को सौंपी थी। जिलाध्यक्ष की घोषणा के बाद नीरज शर्मा बुधवार को पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ सोरों गेट स्थित जिला कार्यालय पर पहुंचे। यहां विधि विधान से पंडित दिवाकर पाराशर ने हवन यज्ञ कराया। नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष समेत उपस्थित सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हवन यज्ञ में आहुति दीं। इसके बाद नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने मंच पर पहुंचकर अपनी कुर्सी पर विराजमान हुए और कार्यकर्ताओं को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि वह संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलते हुए पार्टी हित के लिए कार्य करेंगे। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने एक साथ मिलकर फूलों की होली खेली। एक–दूसरे को मिष्ठान खिलाकर खुशी का इजहार किया। मंचासीन निवर्तमान जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, गौरीशंकर शर्मा, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, ज्ञान तिवारी, नवल कुलश्रेष्ठ, डा. केत सिंह वर्मा, रमेश साहू, अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा, पूर्व विधायक ममतेश शाक्य, सोरों चेयरमैन रामेश्वर दयाल महेरे, महेंद्र सिंह राना ने नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा का अभिनंदन किया। इस दौरान राजवीर सिंह भल्ला, संजय सोलंकी, हीरा लाल कश्यप, शिव कुमार भारद्वाज, सुरेश माहेश्वरी, बॉबी कश्यप, उत्तमचंद्र पाथरे, महेंद्र सिंह बघेल, राजेंद्र बोहरे, केपी सिंह, रानू वर्मा, राम. निवास राजपूत, डा. बीडी राना, शरद गुप्ता, नरेंद्र परमार, दिनकर राव चतुर्वेदी, योगेंद्र चौहान, कृष्णा राजपूत, यशवीर सिंह



राजपूत, प्रदीप वर्मा, डॉ शिव प्रताप सिंह, बबलू ठाकुर, जितेंद्र बघेल, विष्णुदेव पाठक, संजय पुंढीर, मनोज सोलंकी, विकास अवस्थी, कृष्णकांत वशिष्ठ, रविंद्र ब्रह्मचारी, डा. खूब सिंह लोधी, शिव प्रताप सिंह, शैलेंद्र यदुवंशी, मयंक अग्रवाल, मनोज शर्मा, अनुपम प्रतिहार, एसबी सिंह, कुलदीप प्रतिहार, प्रशांत राजपूत, राजू माहेश्वरी, शांतनु चौधरी,राजू चौहान, मिथलेश राना, प्रीती चौहान, हिना सिंह, विजय लक्ष्मी कश्यप, स्नेहलता शर्मा, ब्रजेश उपाध्याय, हिमांशु उपाध्याय, अभिषेक भारद्वाज, अंशुल अग्रवाल, प्रतीक माहेश्वरी, अजय शर्मा, शिवम दीक्षित, श्यामू यादव, हरी सिंह बघेल, रणजीत प्रधान, राजीव यादव, पवन यादव, पवन गोला, जिला मीडिया प्रभारी केके सक्सेना मौजूद रहे।

# राधा कृष्ण की झांकी के साथ 101 किलो गुलाब की पंखुड़ियों के साथ मानव कल्याण संस्था ने किया होली महोत्सव

अलीगढ़ ।मानव कल्याण एक संकल्प समाजिक सांस्कृतिक एवं बाल विकास संस्था द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन सासनी गेट स्थित मधुबन गेस्ट हाउस में किया गया,जिसमें सर्व प्रथम गणेश वन्दना के साथ दीप प्रज्ज्वलित करके होली मिलन समारोह कार्यक्रम का संचालन किया गया ।जिसमें सर्वप्रथम गुलाल रंगोत्सव के तहत पिचकारी बनाओ प्रतियोगिता,हुल्लड प्रतियोगिता के साथ विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित की गईं साथ ही साथ राधा कृष्ण की झांकी के नृत्य ने सभी 101 किलो गुलाब की पंखुड़ियों की होली के साथ सभी को नृत्य करने पर मजबूर कर दिया ।कार्यक्रम में मानव कल्याण संस्था के प्रबंधक धर्मेंद्र रौनक ने मीडिया को जानकारी के देते हुए बताया कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं,बल्कि यह प्रेम,सौहार्द और एकता का प्रतीक है ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे को बढ़ावा देते हैं और अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते हैं एवं अपनी हिन्दू सनातन संस्कृति को जिंदा रखते हैं ऐसे कार्यक्रम समय समय पर हमारी संस्था सांस्कृतिक एंव सामाजिक समरसता के कार्यक्रम करती रहती हैं ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व मेयर सावित्री वार्ष्णेय,गिनिशा वार्ष्णेय,कृष्णा गुप्ता गौमाता,रविता वार्ष्णेय,गौरी आर्य के पटका पहनाकर संस्था ने स्वागत किया। इस कार्यक्रम में महिला मंडल से हिमांशी वार्ष्णेय,हेमलता गुप्ता,इति वार्ष्णेय,मोना गुप्ता,दिव्या वार्ष्णेय,सैफाली गुप्ता, मीडिया प्रभारी दिव्या देशभक्त,मोहिनी नर्गवानी,बिन्दू गुप्ता,वीना सिंह के अलावा मानव कल्याण से धर्मेंद्र रौनक,अमित पीतल,आशीश बजाज,शिवेश वार्ष्णेय, अमित अरोरा,गौरव वार्ष्णेय,हेमन्त बंटी, दीपांशू वार्ष्णेय,राम वार्ष्णेय,रतनेश जायरौ आदि उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष बने दीपक वार्ष्णेय

अलीगढ़ ।उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट की एक प्रेस वार्ता रामघाट रोड स्थित एक होटल में संपन्न हुई जहां पर बड़ी संख्या में व्यापारियों ने भाग लिया और यहां पर संरक्षक चंद किशोर जलाली वालों ने प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा की संतुति पर महानगर अध्यक्ष के रूप में दीपक वार्ष्णेय के नाम की घोषणा की और इसके बाद नव नियुक्त अध्यक्ष ने पूरी कार्यकारिणी की घोषणा भी की ।महानगर अध्यक्ष दीपक वार्ष्णेय ने कहा कि 23 मार्च 2025 को लखनऊ में व्यापारी महाकुंभ लग रहा है जिसमें अलीगढ़ अलीगढ़ शहर से भारी संख्या में व्यापारी भाई शामिल हा. गे ।वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र व ।ार्ष्णेय ने कहा कि महाकुंभ में मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी रहेंगे ।प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष मास्टर ओमप्रकाश सभी महानगर के पदाधिकारियों को बहुत–बहुत बधाई एवं।। आशीर्वाद दिया ।इस प्रेस वार्ता में सुरेश पेठा वाले,विजय गुप्ता,नितिन घुट्टी,हरी बाबू गुप्ता,अशोक परोपकारी,दीपक और राकेश लीडर सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।।

## टीपी नगर में पहली ई–नीलामी, 112 करोड़ में बिके 178 भूखंड

अलीगढ़ के खैर रोड स्थित निर्माणाधीन ट्रांसपोर्ट नगर में मंगलवार को पहली बार ई–नीलामी हुई, जिसमें 97 करोड़ रुपये की लागत वाले 178 भूखंड 112 करोड़ रुपये में नीलाम किए गए। छोटे भूखंडों की कीमत में 70ः तक वृद्धि देखी गई, जबकि बड़े भूखंडों में 16ः बढ़ोतरी हुई। नीलामी प्रक्रिया देर रात तक चली, जिसमें छोटे भूखंडों पर सबसे अधिक प्रतिस्पर्धा रही। एडीए वीसी अपूर्वा दुबे ने बताया कि अब आवंटियों को आवंटन पत्र जारी करने की प्रक्रिया शुरू होगी।

महिला के भेष में युवक ने बच्ची को किया बेहोश, पड़ोसियों ने पकड़ा

थाना बन्नादेवी क्षेत्र के खैर बाईपास स्थित बघेल नगर में मंगलवार देर शाम एक युवक ने महिला के कपड़े पहनकर तीन साल की बच्ची को नशीला पदार्थ खिला दिया और उसे लेकर भागने की कोशिश की। पड़ोसियों को शक हुआ तो उन्होंने आरोपी को पकड़ लिया और जमकर धुनाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया। प्रमोद कुमार, जो पेशे से किसान हैं, अपने घर से कुछ दूर पत्नी के साथ गए थे, तभी साड़ी पहने एक युवक घर में घुस आया और उनकी बेटी को कोई नशीली चीज खिला दी। बच्ची बेहोश हो गई और आरा. ेपी उसे लेकर जाने लगा, लेकिन पड़ोसियों की नजर पड़ते ही उन्होंने उसे रोक लिया। जब युवक भागने की कोशिश करने लगा तो लोगों ने पकड़कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को थाने ले जाकर पूछताछ शुरू कर दी। सीओ बन्नादेवी राजीव द्विवेदी के अनुसार, युवक थाना गांधीपार्क क्षेत्र के नौरंगाबाद का रहने वाला है, जो अक्सर महिलाओं की तरह कपड़े पहनकर घूमता और भीख मांगता है। बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां देर रात तक उसे होश नहीं आया था। पीड़ित परिवार की ओर से तहरीर दी गई है और पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय में 100 बेड ट्रॉमा सेंटर का निर्माण कार्य 40 फीसदी हुआ पूरा

अलीगढ़रू पंडित दीनदयाल उपाध्याय (डीडीयू) में 100 बेड का ट्रॉमा सेंटर बन रहा है. अब तक लगभग 40 फीसदी निर्माण कार्य हो चुका है. ट्रॉमा सेंटर में मरीजों को मुफ्त इलाज मिलेगा. जांच के लिए भी शुल्क निर्धारित होंगी. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया दिसंबर 2025 तक इसका निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा, जिससे डीडीयू में आने वाले गंभीर मरीजों बड़ी राहत होगी.जिला मुख्यालय पर सरकारी ट्रॉमा सेंटर की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी. इसके अभाव में आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को दवाओं और जांच के नाम पर शुल्क देना भारी पड़ता है. पंडित दीनदयाल उपाध्याय (डीडीयू) में 100 बेड के ट्रॉमा सेंटर का निर्माण कार्य लगभग 40 फीसदी हो चुका है. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और निर्माण के सुपरवाइजर के मुताबिक ट्रॉमा सेंटर का निर्माण कार्य इस साल दिसंबर माह तक पूरा हो जाएगा. इसके बाद गंभीर मरीज को बड़ी राहत मिलेगी. उनको अलीगढ़ से अब दूसरे और जिलों के अस्पतालों में नहीं जाना पड़ेगा. इसमें सारी सुविधाएं होंगी, जिससे गंभीर मरीजों का इलाज हो सके.ट्रॉमा के मरीजों का होगा इलाजरू पंडित दीनदयाल उपाध्याय (डीडीयू) में आने वाले गंभीर मरीजों को अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया जाता है. जहां मरीजों को वेंटिलेटर की समस्या से जूझना पड़ता है. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ महेंद्र कुमार माथुर ने 100 बेड का ट्रॉमा सेंटर के बारे में बताया कि सरकार की तरफ से डीडीयू परिसर में ही यह केंद्र बन रहा है, जहां पर ट्रॉमा के मरीजों का इलाज किया जाएगा. जो सुविधा इस वक्त डीडीयू में है उनमें वृद्धि होगी, डीडीयू में रोजाना तकरीबन 1500 से 2000 मैरिज दूर जरा से इलाज के लिए आते हैं. डीडीयू में इस वक्त लगभग सभी प्रकार के डॉक्टर और सुविधाएं उपलब्ध हैं. लेकिन क्रिटिकल मरीजों के लिए कोई सुविधा नहीं थी. अब इस सेंटर के बन जाने से जनहित में काफी लाभ होगा.डॉ. माथुर ने बताया डीडीयू में रोजाना अलीगढ़ जनपद के साथ आसपास के जनपदों से बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए आते हैं, सब बेड के ट्रॉमा सेंटर का निर्माण इस साल के दिसंबर माह तक पूरा होने की संभावना है. जिसके बाद मरीज को बड़ी राहत मिलेगी, इसके निर्माण से डीडीयू अपग्रेड हो जाएगा जो वर्तमान में सुविधा नहीं है वह भी सुविधा डीडीयू में मिल जाएगी.ट्रॉमा सेंटर के निर्माण सुपरवाइजर जयप्रकाश ने बताया कि निर्माण जोरों शोरों से चल रहा है लगभग 125 मजदूर काम कर रहे हैं. जिस दिन से निर्माण कार्य शुरू हुआ है, एक भी दिन काम नहीं रुका है. जिससे उम्मीद है कि दिसंबर महीने तक इसका निर्माण पूरा हो जाएगा. निर्माण कार्य बहुत अच्छा किया जा रहा है.ट्रॉमा सेंटर में सर्जन, एनेस्थेटिस्ट, ऑर्थोपेडिक सर्जन, न्यूरो सर्जन, विशेषज्ञ व जरूरी पैरामेडिकल व सहयोगी स्टाफ होंगे. एक्स–रे, थ्रीडी अल्ट्रासाउंड मशीन, सीटी स्कैन, ओटी सीलिंग लाइट, पैरामॉनिटर के साथ एनेस्थिसिया मशीन, वेंटिलेटर, ट्रांसपोर्ट वेंटीलेटर, एबीजी मशीन, डेफिब्रिलेटर मॉनिटर, पावर ड्रिल सहित अन्य जांच मशीनें होंगी.कल्याण सिंह ने अपने पहले मुख्यमंत्रित्व काल के दौरान 14 दिसंबर 1991 में दीनदयाल अस्पताल की नींव रखी. पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह (बाबूजी) ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बेहतर काम किया. अपने विशेषाधिकार का प्रयोग करते हुए अलीगढ़ की जनता को पं. दीनदयाल उपाध्याय संयुक्त चिकित्सालय की सौगात दी, जो इस समय मंडल का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है. अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह अस्पताल कोरोना काल में मरीजों के लिए संकट मोचक साबित हुआ. वर्तमान में यहां ओपीडी सेवाएं संचालित हैं, रोजाना दो हजार मरीज अस्पताल का लाभ उठा रहे हैं.

# उ0प्र0 राज्य महिला आयोग ने की महिला जनसुनवाई



अलीगढ़ उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्य श्रीमती मीना कुमारी द्वारा पी डब्ल्यू डी गेस्ट हाउस में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के लिए महिला जनसुनवाई की गई। उन्होंने कहा कि राज्य महिला आयोग महिलाओं, बालिकाओं के अधिकार सुनिश्चित कराने के लिए, उनकी समस्याओं शिकायतों की सुनवाई करने के लिए समय–समय पर जिलों में जनसुनवाई का आयोजन करता है। जहां मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से उनकी समस्याओं व शिकायतों को सुन निराकरण कराया जाता है। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में जनसुनवाई के दौरान हेतपुर निवासी श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी कालीचरण के द्वारा गंभीर हालत में माननीय सदस्य के सम्मुख प्रस्तुत हुई जिनकी स्थिति बहुत ही दयनीय थी पीड़िता ने पति के द्वारा शारीरिक उत्पीड़न एवं मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई जिस पर मा0 सदस्य द्वारा एसएचओ थाना क्वार्सी को पीड़िता की चिकित्सीय जांच कर संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान माननीय सदस्या द्वारा विधवा पेंशन एवं कन्या सुमंगला योजना के लाभ के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी अजित कुमार को निराश्रित महिलाओं और बालिकाओं को योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान महिलाओं के स्वास्थ्य सुविधाएं, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, मारपीट, भूमि विवाद संबंधी 12 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर निस्तारण करा दिया गया। मा0 सदस्या ने शेष शिकायतों को मौके पर संबंधित पुलिस एवं विभागीय अधिकारियों को संदर्भित करते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। मा0 सदस्य ने कहा कि ऐसे मामले जो आपसी सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारित किए जा सकते हैं, यथा संभव प्रयास कर उनका निपटारा किया जाए और जिन मामलों में विधिक प्रक्रिया अपनाई जानी है उनमें नियमानुसार कार्यवाही कर प्रकरणों को निस्तारित कराया जाए ।मा0 सदस्या द्वारा महिला जनसुनवाई के उपरांत वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर के साथ संकटग्रस्त महिलाओं से बातचीत की जिसमें उन्होंने संतुष्टि जाहिर करते हुए कहा कि आप अपने कार्यों को ईमानदारी से करते रहें जिससे पीड़ित महिलाओं को किसी भी तरह की समस्या ना हो और उनकी समस्याओं का सरलता समाधान हो सके। जनसुनवाई के दौरान सीओ तृतीय, महिला थाना, अध्यक्ष रेखा गोस्वामी, एडीआईओएस मनोरमा ठाकुर, पूजा सैनी, वन स्टॉप सेंटर से हितेश कुमारी, सीमा अब्बास समेत फरियादी महिलाएं उपस्थित रहीं।

अलीगढ़ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत अनूपशहर रोड स्थित प्रधान फार्म हाउस में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में मा0 एमएलसी एवं प्रशासनिक व जिलास्तरीय अधिकारियों द्वारा नव दंपतियों को आशीर्वाद प्रदान कर उनके सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की। मा0 एमएलसी डा0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश में योगी जी के नेतृत्व में सरकार बनते ही गॉव, गरीब, किसान, मजदूरों के हित में कार्य करने का निर्णय लिया गया। ऐसे गरीब परिवार जो अपनी बेटियों की शादी का समारोह मा0 जिलाध्यक्ष श्री कृष्णपाल सिंह ने एक अभिभावक की तरह सभी बेटियों से आव्हन करते हुए कहा कि आज से आप अपने गृहस्थ जीवन में प्रवेश कर रही हो, दोनों परिवारों की जिम्मेदारी आप पर है। आप सभी जिस परिवार में बहू बनकर जाएं वहां की मर्यादा को बनाए रखें। उन्होंने सभी वर पक्ष से आग्रह किया कि आप बहू को अपने परिवार में बेटी के रूप में स्वीकार और अंगीकार करें। जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रीमती संध्या रानी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सरकार द्वारा 51 हजार रूपये का वहन किया जाता है जिसमें से 35 हजार रूपये कन्या बैंक खाते में, 10 हजार रूपये की उपहार सामग्री और 06 हजार रूपये वैवाहिक व खान–पान व्यवस्था पर खर्च किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि यहां 112 जोड़ों का विवाह कराया गया, जिसमें से 87 जोडों का विवाह हिन्दू धर्म के अनुसार वैदिक मंत्रोचार एवं 25 जोड़ों का निकाह काजी द्वारा मुस्लिम धर्मानुसार संपन्न कराया गया। इस अवसर पर श्रीमती रजनी दिलेर, डीडीओ आलोक आर्य, डीडी समाज कल्याण राम कृष्ण वर्मा, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश कुमार पाण्डेय समेत सभी बीडीओ एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# अलीगढ़ राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय (आरएमपीएसयू) में नये सत्र से 26 कोर्स में दाखिले लिये जाएंगे.




अलीगढ़ रू राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय (आरएमपीएसयू) में नये सत्र से 26 कोर्स में दाखिले लिये जाएंगे. कुलपति ने बताया कि इस सत्र से नई बिल्डिंग में पोस्ट ग्रेजुएशन के साथ ग्रेजुएशन के भी 26 पाठ्यक्रम शुरू करने की प्लानिंग है. चार जिलों के 382 संबद्ध डिग्री कॉलेजों को भी इसका लाभ मिलेगा. कुलपति ने कहा कि छात्रों को मार्कशीट के लिए अब भटकना नहीं पड़ेगा.अलीगढ़ में एक केंद्रीय और दो राज्य विश्वविद्यालय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजा महेंद्र प्रताप सिंह के नाम पर विश्वविद्यालय का शिलान्यास 2021 में किया था. उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने सितंबर, 2019 में अलीगढ़ में राजा महेंद्र प्रताप सिंह के नाम एक राज्य स्तरीय यूनिवर्सिटी खोलने की घोषणा की थी. पिछले साल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अलीगढ़ में कहा था के अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय आगे निकलेगा कुलपति ने बताया शासन द्वारा हमें 43 विभागों की अनुमति 3 साल पहले ही दी जा चुकी है. जैसे–जैसे हमारा कैंपस बनता चला जाएगा और भी विभाग इसमें शामिल किए जाएंगे. हमारे तीन कैंपस हैं तीनों कैंपस 2 किलोमीटर के अंदर हैं जहां पर निर्माण कार्य चल रहा है कुलपति ने बताया राजेंद्र प्रताप सिंह यूनिवर्सिटी का निर्माण हो जाने से 4 जिलों को लाभ मिल रहा है, जिसमें अलीगढ़, हाथरस, कासगंज और एटा शामिल है.इन चारों जिलों के 382 डिग्री कॉलेज विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं. इसी साल 15 डिग्री कॉलेजों ने मान्यता के लिए अप्लाई किया था, जिसमें से 7 डिग्री कॉलेज को एनओसी दी गई है. इस तरह राजा महेंद्र प्रताप सिंह यूनिवर्सिटी से कुल 389 डिग्री कॉलेज संबद्ध होंगे कुलपति ने बताया कि डिग्री कॉलेज के छात्र अपनी मार्कशीट के लिए भटकते रहते थे, अब उनको भटकना नहीं पड़ेगा. विश्वविद्यालय की नई बिल्डिंग का निर्माण हो चुका है, अभी तक हमारे पास उचित मैनपावर नहीं था.बहुत ही छोटी जगह से विश्वविद्यालय संचालित हो रहा था, लेकिन बिल्डिंग बनकर तैयार हो गई है. इसका लोकार्पण मुख्यमंत्री 30 अप्रैल से 10 मई के बीच में करेंगे.

# विधान परिषद की नियम पुनरीक्षण समिति ने अलीगढ़ व एटा की समीक्षा की

अलीगढ़ रू उत्तर प्रदेश विधान परिषद की श्शनियम पुनरीक्षण समितिश्श के मा0 सभापति धर्मेंद्र कुमार भारद्वाज के सभापतित्व में कलैक्ट्रेट सभागार में अलीगढ़ एवं एटा के अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। मा0 सभापति ने जहां अलीगढ़ की अच्छी प्रस्तुति की सराहना की वहीं एटा द्वारा आधी–अधूरी जानकारी प्रस्तुत करने पर असंतोष प्रकट करते हुए 22 मार्च को आगरा में आहुत बैठक में पूर्ण तैयारी के साथ प्रतिभाग करने के निर्देश दिए गए ।मा0 सभापति ने कहा कि समिति का जिले में आने का मुख्य उद्देश्य शासन की नीतियों और योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित कराना है। उन्होंने कहा कि समिति की बैठक मिनी सदन के रूप में संचालित होती है, इसे सभी अधिकारियों को गंभीरता से लेना चाहिए। मा0 सभापति ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद की नियम पुनरीक्षण समिति विधान परिषद की प्रक्रियाओं और नियमों की समीक्षा और सुधार के लिए गठित एक महत्वपूर्ण समिति है। समिति का उद्देश्य विधान परिषद के कार्यों को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाए रखें, जनहित से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता और गति लाते हुए सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचाएं। इसके साथ ही, समिति ने अधिकारियों को विधायकों और विधान परिषद सदस्यों के प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने और उनके पत्रों का समयबद्ध उत्तर देने के निर्देश भी दिए ।उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और पारदर्शी प्रशासन सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि वह जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से निर्वाचित सदस्यों की निधि से कराए जाने वाले विकास कार्यों में संबंधित सदस्य का नाम सूचना पट पर अनिवार्य रूप से लिखा जाए। लाभार्थीपरक योजनाओं के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन के लिए विभाग की जिम्मेदारी है कि वह पूर्ण पारदर्शिता के साथ लाभार्थियों का चयन कर उनको शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाए। समिति ने बैठक के माध्यम से सुनिश्चित किया कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचे और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे ।मा0 सभापति एवं सदस्यों द्वारा विभिन्न विभागों को विगत तीन वर्षों में विधान परिषद के नियम 115, 105, 110 एवं 111 के तहत प्राप्त सूचनाओं, याचिकाओं, विशेषाधिकार हनन के लंबित मामलों, मा0 सदस्यों के पत्र और उन पर की गई कार्यवाही समेत अन्य विभिन्न बिन्दुओं पर बारी–बारी से सवाल–जवाब किए गए। बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापकों के नियुक्ति संबंधी सवाल पर बीएसए को निर्देशित किया गया कि वह जांच आख्या प्रस्तुत करें। समिति ने शिक्षा विभाग में विद्यालयों की नवीन मान्यता के प्रकरण एवं परीक्षा मूल्यांकन मानदेय लंबित न रखने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि विद्युत संयोजन काटने में उपभोक्ता का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। परिवाहन विभाग को निर्देशित किया गया कि जिले में संचालित सभी निजी बस अड्ड़ों पर बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित कराएं और ओवरलोडेड और डग्गामार वाहनों का संचालन न होने दिया जाए। सिंचाई विभाग को निर्देशित किया गया कि कोल रजवाहा पर अतिक्रमण की समस्या का जल्द से जल्द निदान सुनिश्चित कराएं। जाए। बैठक से पूर्व जिलाधिकारी संजीव रंजन ने मा0 सभापति श्री धर्मेंद्र भारद्वाज, नगर आयुक्त विनोद कुमार ने मा0 एमएलसी श्री श्रीचंद शर्मा, सीडीओ प्रखर कुमार सिंह ने मा0 एमएलसी श्री किरन पाल कश्यप एवं श्री विच्छेलाल राम एवं एडीएम प्रशासन पंकज कुमार ने मा0 एमएलसी डा0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह, मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह, जिलाध्यक्ष श्री कृष्णपाल सिंह, जिला महामंत्री श्री शिव नारायण शर्मा और ठा0 श्यौराज सिंह को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मा0 समिति के साथ समीक्षा अधिकारी शिवम श्रीवास्तव, अपर निजी सचिव अमितेश पाल, समिति अधिकारी सुनील कुमार, अजय प्रजापति एवं सुनील दीक्षित उपस्थित रहे। बैठक में एडीएम सिटी एमएनए, पीडी, एसपी क्राइम, डीडीओ, सीएमओ, सचिव एडीए, समस्त एसडीएम, डीएफओ समेत बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, विद्युत, जल निगम, परिवहन, खाद्य एवं आपूर्ति, सहकारिता, सिंचाई, कृषि, पीडब्लूडी, आबकारी, पंचायतीराज, समाज कल्याण से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

# शनि के राशि परिवर्तन के 29 दिन बाद बड़ा धमाका! अपने ही नक्षत्र में करेंगे गोचर, 3 राशिवालों के हाथ लगेगी सफलता

साल 2025 में ग्रहों के बदलने का क्रम जारी है. एक के बाद एक ग्रह राशि और नक्षत्र परिवर्तन कर रहे हैं. कर्मफलदाता और न्याय के देवता शनि का राशि परिवर्तन इसमें सबसे खास है, जोकि 29 मार्च 2025 को होने वाला है. ऐसा संयोग 30 साल बाद घटित होने वाला है. इसी क्रम में ठीक 29 दिन बाद यानी 28 अप्रैल 2025 को शनिदेव नक्षत्र परिवर्तन भी करने वाले हैं. ऐसा संयोग बनने से जातक की राशियों पर कुछ न कुछ असर जरूर पड़ता है. इसलिए खगोलीय घटनाओं में रुचि रखने वाले इसके शुभ–अशुभ प्रभाव को लेकर नजर बनाए हुए हैं. अब सवाल है कि आखिर 29 मार्च को क्या होने वाला है? शनिदेव नक्षत्र परिवर्तन कब रहे हैं? शनिदेव के नक्षत्र परिवर्तन से किन रा. शिवालों को होगा फायदा होगा? ज्योतिषाचार्य के मुताबिक, कुंडली में शनि ग्रह की स्थिति के आधार पर ही किसी व्यक्ति को शुभ या अशुभ फलों की प्राप्ति हो पाती है या फिर उसके बुरे और अच्छे कर्मों का फल मिल पाता है. व्यक्ति के मान. सिक, आर्थिक और उसके कर्मों का लेखाजोखा का कारक शनि ग्रह ही है. शनिदेव के राशि परिवर्तन के करीब 29



दिन बाद नक्षत्र गोचर भी होने वाला है. एक्सपर्ट के मुताबिक, शनिदेव 28 अप्रैल 2025 को सुबह के 7 बजकर 52 मिनट पर अपने ही नक्षत्र में गोचर करेंगे यानी उत्तरा भाद्रपद में शनिदेव प्रवेश करेंगे. इसका प्रभाव सभी राशियों पर पड़ने वाला है.ज्योतिषाचार्य के मुताबिक, शनिदेव के अपने ही नक्षत्र में प्रवेश करने से तीन राशि के जातकों को नौकरी में उन्नती और व्यापार में लाभ से लेकर प्रेम में बढ़ोत्तरी हो सकती है. जातकों के जीवन में बड़े बदलाव आ सकते हैं.वृषभरू इस राशि के जातकों के लिए शनि का नक्षत्र परिवर्तन सकारात्मक रह सकता है. न्याय के देवता शनि के प्रभाव से रुके काम पूर्ण होंगे. परिवार का कोई सदस्य अचल संपत्ति की खरीद कर सकता है. नये वाहन खरीदने के भी योग बनेंगे. जातकों के काम की सराहना हो सकती है. विशेष सम्मान की प्राप्ति हो सकती है. जीवनसाथी के साथ प्रेम बढ़ेगा.ककर्रू इस राशिवालों के वैवा. हिक जीवन की परेशानियों का अंत होगा और संबंधों में मिठास आ सकती है. कोर्ट संबंधी मामलों में जातक को बड़ी राहत मिल सकती है. कर्ज से मुक्ति पाने के रास्ते खुलेंगे. इन जातकों की आर्थिक स्थिति सुधार सकती है. कर्ज चुकाने का तोड़ मिल सकता है. कोई बड़ा निवेश करने का मौका हाथ लग सकता है.तुलारू इस राशि के जातक के लिए यह समय अति शुभ साबित होने वाला है. शनि के नक्षत्र गोचर करने से जातक के द्वारा शुरू किए गए काम सफल होंगे और लाभकारी होंगे. वैवाहिक जीवन में प्रेम और मधुरता बढ़ेगी. जीवनसा. थी का पूरा सहयोग मिलेगा. जातकों के अटके धन प्राप्त होंगे. कार्यस्थल पर सीनियर का पूरा साथ मिलेगा.

## सनातन धर्म में खरमास का बहुत अधिक महत्व माना जाता है. जब भी खरमास प्रारंभ होता है तब सभी शुभ व मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाती

सनातन धर्म में खरमास का बहुत अधिक महत्व माना जाता है. जब भी खरमास प्रा. रंभ होता है तब सभी शुभ व मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाती है. क्योंकि इस समयावधि को इन कार्यों को लिए अच्छा नहीं माना जाता है. बता दें कि जब–जब सूर्यदेव धनु और मीन राशि में प्रवेश करते हैं तब खरमास लगता है और यह साल में दो बार लगता है.ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, खरमास के दौरान सूर्य देव की आराधना का विधान माना गया है. खमास के दौरान अगर सूर्यदेव की प्रतिदिन आराधना पूजा की जाए तो व्यक्ति के करियर सहित मान–सम्मान व कई अन्य परेशानियों से भी छुटकारा पाया जा सकता है और जातक को करियर में मनचाही सफलता मिल सकती है. इसके साथ ही अगर सूर्यदेव को प्रसन्न करना चाहते हैं और आरोग्य जीवन के वरदान की कामना है तो खरमास के दौरान कुछ विशेष उपायों को करना आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है. तो आइए पंडित रमाकांत मिश्रा के अनुसार जानते हैं खरमास के दौरान किन –किन उपायों को किया जा सकता है और कब से कब तक रहेगा खरमास.कब से कब तक रहेगा खरमास? खरमास की शुरुआत 14 मार्च से हो चुकी है और 13 अप्रैल 2025, रविवार को इसका समापन हो जाएगा. इस दौरान सूर्यदेव की आराधना करने से जातक को मानसिक शांति सहित कई लाभ प्राप्त होते हैं. खरमास में पड़ने वाले रविवार को सुबह जल्दी उठकर स्नानादि से निवृत्त होकर स्वच्छ कपड़े पहनें और फिर सूर्यदेव को जल चढ़ाएं, साख ही ' सूर्याय नमः' मंत्र का जाप करें. सूर्यदेव को लाल चंदन, गुड़हर का फूल, चावल, धूप, दीप चढ़ाएं व उनकी विधिवत पूजा–आरती करें और सूर्यदेव को नमस्कार कर उन्हें प्रणाम करें. खरमास के दौरान प्रतिदिन घर के मुख्यद्वार पर घी का दीपक जलाएं. सूर्यदेव को पीले रंग के कपड़े पहनकर तांबे के बर्तन से जल अर्पित करें. खरमास के दौरान दान–पुण्य का विशेष महत्व माना जाता है, ऐसे में इस दीन गरीबों को सूर्यदेव से संबंधित चीजों का दान करने से सूर्यदेव प्रसन्न होते हैं.खरमास के दौरान अपने घर की पूर्व दिशा को साफ–सुथरा रखें और गाय को रोटी खिलाएं व उनकी सेवा करें. अच्छे फल मिलेंगे.

## रामायण में पंचवटी से देवी सीता का हरण

रामायण में पंचवटी से देवी सीता का हरण हो गया था। राम और लक्ष्मण सीता को खोजते हुए किष्किंधा की ओर आगे बढ़ रहे थे। उस समय किष्किंधा के क्षेत्र में एक ऊंची पहाड़ी पर सुग्रीव बालि से डरकर छिपे हुए थे। एक दिन सुग्रीव ने देखा कि दो राजकुमार वनवासी के वेश में मेरी ओर आ रहे हैं। सुग्रीव ने सोचा कि बालि ने इन दोनों को मुझे मारने के लिए भेजा। ऐसा सोचकर सुग्रीव बहुत डर गए।सुग्रीव ने हनुमान से कहा कि आप जाकर उन दोनों राजकुमारों को देखिए। अगर वे शत्रु हैं तो वहीं से इशारा कर देना, हम यहां से कहीं और भाग जाएंगे। अगर वे मित्र हैं तो वहीं से इशारा कर देना हम यहीं रुक जाएंगे।हनुमान ने सुग्रीव का डर दूर करने के लिए तुरंत दोनों रा. जकुमार के पास पहुंचे। हनुमान ने अपना वेश बदल लिया था, ताकि वे दोनों राज. कुमारों की परख कर सकें।जब हनुमान को मालूम हुआ कि वे राम–लक्ष्मण हैं तो उन्हें अपना परिचय दिया। तब राम जी ने हनुमान को सीता हरण का पूरा प्रसंग बताया। राम जी की बातें सुनने के बाद हनुमान ने कहा कि आप मेरे राजा सुग्रीव के पास चलिए और उनसे मित्रता कर लीजिए, वे देवी सीता की खोज में आपकी मदद करेंगे।हनुमान जी ने आगे कहा कि आप मेरे कंधे पर बैठ जाइए, मैं आपको सुग्रीव के पास ले चलता हूं। लक्ष्मण जी को संकोच हो रहा था कि किसी के कंधे पर चढ़कर चलना ठीक नहीं है, लेकिन राम ने कहा कि लक्ष्मण, हम अयोध्या से सुमंत के रथ में आए, फिर केवट की नाव में बैठे, उसके बाद पैदल चले। अब ये यात्रा का एक नया ढंग है। मैं बैठ रहा हूं, तुम भी बैठ जाओ।हनुमान जी सुग्रीव को संकेत देना चाहते थे कि ये दोनों शत्रु नहीं हैं, बल्कि हमारे मित्र हैं। सुग्रीव को संकेत देने के लिए हनुमान ने राम–लक्ष्मण को कंधे बैठाया, ताकि दूर से सुग्रीव ये देखकर समझ जाए कि ये दोनों मित्र हैं। तभी हनुमान इन्हें कंधे पर बैठाकर ला रहे हैं। ये देखकर सुग्रीव और जामवंत आदि वानर निश्चिंत हो गए।हनुमान जी ने हमें सीख दी है कि कोई भी काम करते समय बुद्धिमान से योजना बनाकर आगे बढ़ना चाहिए। हनुमान जी राम–लक्ष्मण की परख करने के लिए योजना बनाई, वेश बदला और फिर सुग्रीव को संकेत देने के लिए राम–लक्ष्मण को कंधे पर बैठाया। अगर हनुमान जी ने समय पर सुग्रीव को ये संकेत नहीं दिया होता कि ये हमारे मित्र हैं तो सुग्रीव और ज्यादा डरते। हनुमान जी की बुद्धिमानी से हमें सीखना चाहिए कि हर काम बुद्धिमानी से और योजना बनाकर करना चाहिए, सफलता तभी मिल सकती है।

## बिहार में दवा और झाड़–फूंक के नाम पर धर्म परिवर्तन का खेल

बिहार में दवा और झाड़–फूंक के नाम पर धर्म परिवर्तन का मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है। मधुबनी प्रखंड के बाद अब पश्चिम चंपारण के पिपरासी प्रखंड में भी ईसाई मिशनरियों द्वारा लोगों को धर्मांतरण के लिए प्रेरित करने का खुलासा हुआ है। इसे लेकर सोमवार को स्थानीय ग्रामीणों ने विरोध किया और एक धर्म प्रचारक को खदेड़ दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने स्थानीय थाना और प्रशासन को मामले की सूचना दी।इस गांव के रहने वाले मनोज यादव, ध्रुव यादव, सुनील कुमार और राजीव पाठक ने बताया कि उत्तर प्रदेश में धर्म परिवर्तन पर सख्त कानून लागू होने के कारण मिशनरी अब बिहार की सीमा से सटे इलाकों में सक्रिय हो रहे हैं। इसी क्रम में सबसे पहले मधुबनी प्रखंड के गोबरहिया गांव में बड़े पैमाने पर झाड़–फूंक और दवा के नाम पर धर्म परिवर्तन किया जाने लगा। अधिकारियों की मिलीभगत के कारण अब यह गतिविधियां पिपरासी प्रखंड तक फैल गई हैं।पिपरासी प्रखंड के डुमरी मुड़ाडीह पंचायत के भरपटीया पाठक टोला गांव में हर सोमवार को इलाज और झाड़–फूंक के नाम पर स्थानीय लोगों को बहकाया जा रहा था और उन्हें ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा था। इसकी सूचना मिलने पर सोमवार को ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर धर्म प्रचारकों को खदेड़ दिया।प्रखंड प्रतिनिधि मुखिया जोखू बैठा ने बताया कि उन्हें भी इस मामले की शिकायत मिली है। उन्होंने अधिकारियों को सूचना देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। वहीं, थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि धर्म प्रचारकों को थाने में उपस्थित होकर अपने कागजात दिखाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, इस बात की जांच की जा रही है कि क्या वास्तव में धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। प्रशासन मामले की गहराई से जांच कर रहा है।

## हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे को अत्यंत पवित्र माना जाता




हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे को अत्यंत पवित्र माना जाता है. मान्यता है कि प्रतिदिन तुलसी की पूजा करने से घर में सुख–समृद्धि बनी रहती है. शास्त्रों के अनुसार तुलसी में देवी लक्ष्मी का वास होता है और इसकी नियमित पूजा करने से धन संबंधी समस्याएं दूर होती हैं. यही कारण है कि अधिकतर हिंदू परिवारों में तुलसी का पौधा लगाया जाता है. तुलसी का पौधा न केवल धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह घर में सकारात्मक ऊर्जा को भी बढ़ाता है.ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, तुलसी के पत्तों की तरह ही इसकी जड़ भी बेहद पवित्र मानी जाती है. ऐसा कहा जाता है कि तुलसी की जड़ में भगवान शालिग्राम का निवास होता है. यदि तुलसी की जड़ से जुड़े कुछ खास उपाय अपनाए जाएं, तो व्यक्ति को धन–संपत्ति की प्राप्ति हो सकती है. आइए जानते हैं वे उपाय कौन से हैं.तुलसी की जड़ से मिलेगा आर्थिक लाभरू अगर आप पैसों की तंगी से जूझ रहे हैं, तो तुलसी की जड़ आपके लिए लाभकारी सिद्ध हो सकती है. ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार, यदि तुलसी की जड़ को चांदी के ताबीज में रखकर गले में पहना जाए, तो मां लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त होती है और आर्थिक स्थिति में सुधार होता है.आर्थिक तंगी से छुटकारा पाने के लिएरू अगर आप लंबे समय से पैसों की तंगी से जूझ रहे हैं, तो आपको प्रतिदिन सुबह तुलसी के पौधे में जल अर्पित करना चाहिए और शाम को दीपक जलाना चाहिए. ऐसा करने से धन संबंधी रुकावटें दूर होती हैं और आर्थिक स्थिति में सुधार होता है.कामयाबी पाने के लिएरू अगर आप किसी काम में बार–बार असफल हो रहे हैं और मेहनत करने के बावजूद सफलता नहीं मिल रही है, तो तुलसी की जड़ को गंगाजल से धोकर उसकी पूजा करें. फिर उसे पीले कपड़े में बांधकर अपने पास रखें. यह उपाय आपके सभी काम बिना रुकावट के पूरे करने में मदद करेगा.ग्रह दोषों को शांत करने के लिएरू अगर आपकी कुंडली में ग्रहों की स्थिति सही नहीं है और इसका प्रभाव आपके जीवन पर पड़ रहा है, तो तुलसी की पूजा करने के बाद उसकी थोड़ी सी जड़ निकाल लें. इसे लाल कपड़े में बांधकर या चांदी के ताबीज में रखकर बाजू में बांध लें. इससे ग्रहों के अशुभ प्रभाव कम हो जाते हैं और जीवन में सक. ारात्मक बदलाव आते हैं.

## चौत्र शुक्ल प्रतिपदा को नया साल शुरू होगा




चौत्र शुक्ल प्रतिपदा को नया साल शुरू होगा. जिस दिन से ये तिथि शुरू होती है. उस दिन का अधिपति नव वर्ष यानी नव संवत्सर का राजा कहवाता है. इसकी शुरुआत भारतीय सम्राट विक्रमादित्य ने की थी. इसलिए इसे विक्रम संवत भी कहा जाता है. विक्रमादित्य ने विक्रम संवत की शुरुआत 57 ईसा पूर्व में की थी. इस दिन से चौत्र नवरात्रि का शुभारंभ भी होता है. हिंदू नववर्ष के राजा और मंत्री कौन होंगे ये जानना महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि ज्योतिष के अनुसार इससे देश–दुनिया पर क्या असर पड़ेगा ये पता लगाया जा सकता है. इस साल 2025 में हिंदू नववर्ष राजा–मंत्री कौन होंगे आइए जानें.हिंदू नववर्ष 2025 का राजा कौन सा ग्रह होगा अगले साल में हिंदू नववर्ष 30 मार्च 2025 से शुरू होगा. इसी दिन से विक्रम संवत 2082 और चौत्र नवरात्रि की शुरुआत भी होगी. चूंकि हिंदू नववर्ष 2025 रविवार के दिन से शुरू हो रहा है, ऐसे में 2025 के राजा सूर्य होंगे. सूर्य को ग्रहों का राजा माना जाता है.इस दिन को भारत देश में अलग–अलग नामों से जाना जाता है, जैसे गुड़ी पड़वा, चेती चंड, युगादि, नव संवत्सर आदि पर्व मनाए जाते हैं.नवसंवत का विशेष नाम और फल होता है. इसके अलावा, पूरे संवत के लिए ग्रहों का एक मंत्रिमंडल भी होता है. इसी मंत्रिमंडल के ग्रहों के आधार पर पूरे संवत के लिए शुभ–अशुभ फलों का निर्धारण होता है. मौसम, अर्थव्यवस्था, जनता, सुरक्षा, कृषि और बरसात इन्हीं ग्रहों के मंत्रिमंडल पर निर्भर करती है.ज्योतिष शास्त्र के अनुसार हिंदू नववर्ष के राजा जब सूर्य होते हैं तो उस साल गर्मी का प्रकोप अधिक होता है. दूध के भाव बढ़ जाते हैं. बाजा में तेजी का रुख होगा. राजनीति के क्षेत्र में विरोधाभार नजर आएगा.चौत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा इसी तिथि से ब्रह्मा जी ने सृष्टि रचना की शुरुआत की थी.माना जाता है कि इसी तिथि के दिन भगवान् राम का राज्याभिषेक हुआ था.वी शक्ति पूजन का प्रारम्भ इसी तिथि से ही हुआ था.राजा युधिष्ठिर का राज्याभिषेक भी इसी तिथि के दिन हुआ था.महाराजा विक्रमादित्य ने भी इसी दिन से अपने राज्य की स्थापना की थी. राजा विक्रमादित्य के नाम पर ही विक्रम सम्वत का नाम रखा गया है. महर्षि संत गौतम ऋषि का जन्म भी इसी तिथि के दिन हुआ था.गरीबों की सेवा करने से कौन सा ग्रह अशुभ होने के बाद भी देने लगता है शुभ फल

## , भगवान श्रीराम की वनवास यात्रा के दौरान जिन प्रमुख स्थलों पर विश्राम किया,

चित्रकूटरू चित्रकूट, जिसे धर्म नगरी के रूप में जाना जाता है, भगवान श्रीराम की वनवास यात्रा के दौरान जिन प्रमुख स्थलों पर विश्राम किया, उनमें राम शैया का विशेष स्थान है. यह वही स्थल है जहां श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण ने 11.5 वर्ष बिताए थे. यहां एक विशेष चट्टान है, जिस पर भगवान राम के विश्राम के चिन्ह आज भी देखे जा सकते हैं. मान्यता है कि जो श्रद्धालु इस चट्टान के दर्शन करता है, उसे प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद मिलता है.यहां प्रभु ने किया था विश्राम चित्रकूट के खोही–भरतकूप मार्ग पर स्थित यह स्थान भक्तों के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है. कामदगिरि पर्वत से आगे बढ़ने पर यह पवित्र स्थल आता है, जहां का प्राकृतिक सौंदर्य श्रद्धालुओं को अद्भुत आध्यात्मिक शांति प्रदान करता है. यहां एक विशाल चट्टान है, जिसके बारे में कहा जाता है कि भगवान श्रीराम और माता सीता ने इसी स्थान पर विश्राम किया था. इस चट्टान पर आज भी श्रीराम के पदचिह्न और उनके विश्राम स्थल के चिह्न स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं. धनुष का निशान भी है विशेषराम शैया की चट्टान पर श्रीराम और माता सीता के बीच रखा धनुष का निशान भी देखा जा सकता है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जब श्रीराम और माता सीता विश्राम करते थे, तब उनका धनुष उनके पास रखा रहता था. यही कारण है कि इस स्थान पर आज भी उस धनुष के निशान साफ देखे जा सकते हैं. राम शैया मंदिर के पुजारी पंडित शिव प्रसाद द्विवेदी बताते हैं कि यह स्थान साक्षात प्रभु श्रीराम की मौजूदगी का अहसास कराता है. मान्यता है कि भगवान श्रीराम आज भी हर रात यहां विश्राम करने आते हैं चट्टान पर बने पदचिह्नों के दर्शन करने से भक्तों को मोक्ष मिलता है और उनका जीवन सफल हो जाता है. यह स्थान चित्रकूट से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर मौजूद है. मंदिर के सामने एक प्राचीन कुआं भी है, जिसका धार्मिक महत्व है. आप सड़क मार्ग के जरिए मंदिर तक पहुंच सकते हैं. यहां हर वर्ष रामनवमी और अन्य धार्मिक अवसरों पर विशेष आयोजन होते हैं, जिनमें हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं.